प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई से बारह अगस्त तक, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तेइस जुलाई को पेश करेंगी बजट।
2. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, गुमला में 35 आइइडी बरामद, लातेहार में दो इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण।
3. राज्य में ग्यारह जुलाई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना, पिछले चौबीस घंटे के दौरान मॉनसून गतिविधि रही सामान्य।

और

4. नेत्रदान के साथ आज भगवान जगन्नाथ ने श्रद्धालुओं को दिये दर्शन, कल आयोजित होगी रथ यात्रा, सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम।

***************

संसद का बजट सत्र बाइस जुलाई से शुरू होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के कार्यक्रमों को मंजूरी दे दी है। श्री रिजीजू ने बताया कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तेइस जुलाई को बजट पेश करेंगी। बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा।

***************

झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल पर आज रांची में सृजन स्टार्टअप कॉन्कलेव का आयोजन किया गया। आर्यभट्ट सभागार में आयोजित इस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कहा कि राज्य में जो भी उद्योग स्थापित हैं और नए उद्योगों की स्थापना को लेकर सरकार की सकारात्मक सोच है। श्री सोरेन ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो तथा अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों और उद्योग स्थापित करने वालों को पूरा सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रामेश्वर उरांव और झारखंड चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री भी मौजूद थे।

***************

गुमला जिले में पुलिस ने माओवादियों के खतरनाक मंसूबों को विफल कर दिया है। पुलिस ने गुमला– कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए करीब 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ते और जगुआर पुलिस की टीम ने बमों को निष्क्रिय कर दिया।

***************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लातेहार जिले में दस–दस लाख रुपये के दो इनामी नक्सलियों ने पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी वाईएस रमेश और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर नीरज सिंह खेरवार और राजकुमार गंझू शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर दोनों नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया।

**************

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है। मंत्रालय ने कहा है कि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

**************

लातेहार जिले स्थित बेतला नेशनल पार्क में एक जुलाई से अगले तीन महीने के लिए पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

**************

राज्य में ग्यारह जुलाई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी जा रही है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान मॉनसून गतिविधि सामान्य रही। गोड्डा के महगामा में इक्यासी दशमलव आठ मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी, जो राज्य में सर्वाधिक रही। तापमान में अगले चार दिनों के दौरान किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है।

**************

झारखंड समेत देशभर में आज जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई राजनेताओं ने डॉ.मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मजबूत राष्ट्रवादी विचारों के भारत को गौरवान्वित किया है। उधर केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी देश की एकता और संप्रभुता के लिए याद किए जाएंगे।

**************

इधर झारखंड में भी डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उधर कोडरमा में भी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर समाजसेवी होने के साथ ही दूरदर्शी सोच रखने वाले व्यक्ति थे और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को आज पूरा देश नमन कर रहा है।

**************

नीति आयोग की पहल पर आकांक्षी जिले गिरिडीह और बोकारो में आज संपूर्णता अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के तहत महिला और बाल विकास समेत छह बिन्दुओं पर मिशन मोड में काम होगा। गिरिडीह अभियान का शुभारंभ उपविकास आयुक्त और सिविल सर्जन ने किया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त ने कहा कि चार जुलाई से 30 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया जाना है।

**************

पंद्रह दिनों के एकांतवास के बाद आज भगवान जगन्नाथ ने नेत्रदान के साथ ही भक्तों को दर्शन दिये। ओड़िशा के पुरी और रांची समेत देशभर में कल परंपरागत तरीके से रथ यात्रा का आयोजन होगा। भगवान जगन्नाथ की कल रांची में आयोजित होनेवाली ऐतिहासिक रथ यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इधर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और चंदन सिन्हा ने आज मेले की तैयारी तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कई आवश्यक निर्देश दिये। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सिन्हा ने बताया कि कल दोपहर तीन बजकर तीस मिनट पर

विधि विधान के साथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

********समाप्त********